कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्या– एम0ई0–3/2026/ 1413 लखनऊ: दिनांक 24 जुलाई, 2026

**अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत आनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटित नीट यू0जी0 2020 बैच तथा नीट यू0जी0 2019 एवं नीट यू0जी0 2018 बैच के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होनें एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम नीट यू0जी0 2020 बैच के साथ पूर्ण किया है, के योगदान आख्या प्रस्तुत किये जाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना।**

1. ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने प्रश्नगत काउंसिलिंग के माध्यम से प्रदेश के राजकीय/स्वशासी मेडिकल कालेजों/संस्थानों/चिकित्सा विश्वविद्यालयों की सीट आवंटित हुई है, वह निर्धारित समयावधि में सुसंगत अभिलेखों यथा– आवंटन पत्र, आरक्षित श्रेणी का प्रमाण–पत्र, मेडिकल काउंसिल का स्थायी/अस्थायी पंजीकरण प्रमाण–पत्र, इंटर्नशिप कम्पलीशन प्रमाण–पत्र सहित संबंधित कालेजों के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगें तथा इन अभ्यर्थियों के तैनाती आदेश नियमानुसार सम्बन्धित प्रधानाचार्य/डीन/कुलसचिव/निदेशक के स्तर से निर्गत किए जायेंगे।

2. ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने प्रश्नगत काउंसिलिंग के माध्यम से चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 के अधीनस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी0एच0सी0) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पी0एच0सी0) की सीट पर आवंटन प्राप्त हुआ है, वह सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के समक्ष निर्धारित समयावधि में सुसंगत अभिलेखों यथा– आवंटन पत्र, आरक्षित श्रेणी का प्रमाण– पत्र, मेडिकल काउंसिल का स्थायी/अस्थायी पंजीकरण प्रमाण–पत्र, इंटर्नशिप कम्पलीशन प्रमाण–पत्र सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगे तथा इन अभ्यर्थियों के तैनाती आदेश सम्बन्धित जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के स्तर से निर्गत किए जायेंगे।

कृते महानिदेशक।